दैनिक भास्कर जयपुर 25-05-2026

देवस्थान विभाग
राजस्थान-सरकार
(आयुक्त कार्यालय-उदयपुर)

—: विज्ञप्ति :—

वि.स. दिनांकः ....

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना, 2026 हेतु आवेदन आमंत्रण

देवस्थान विभाग राजस्थान-सरकार द्वारा राजस्थान के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से रेल यात्रा द्वारा भारत के 15 तीर्थ स्थलों एवं हवाई यात्रा के माध्यम से पशुपतिनाथ (काठमांडू), नेपाल की निःशुल्क यात्रा हेतु आवेदन आमन्त्रित किये जाते है। आवेदन पोर्टल **eDevasthan2.rajasthan.gov.in** एवं विभाग की वेबसाईट **devasthan.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करके भरे जा सकते हैं, इसके अतिरिक्त आवेदन करने की सुविधा समस्त ई-मित्र पर भी उपलब्ध है।

आवेदन करने हेतु पात्रताः— राजस्थान राज्य का मूल निवासी हो, आयकरदाता नहीं हो, पूर्व में इस योजना का लाभ नहीं लिया हो, यात्रा करने हेतु शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम हो एवं 60 वर्ष से अधिक आयु पूर्ण कर ली हो। शेष अन्य शर्तें विभाग की वेबसाईट **devasthan.rajasthan.gov.in** हिन्दी में "देवस्थान डिपार्टमेंट राजस्थान" पर देखी जा सकती है।

यात्रा हेतु आवेदन की प्रक्रिया दिनांक 27.05.2026 से प्रारंभ होकर अन्तिम दिनांक 10.06.2026 तक रहेगी। आवेदन में संशोधन अन्तिम दिनांक तक किये जा सकेंगे।

अधिक जानकारी हेतु विभाग के सहायक आयुक्त कार्यालयों में दूरभाष पर संपर्क किया जा सकता है। संबंधित जिलें के सहायक आयुक्त कार्यालयों की सूची देवस्थान विभाग की वेबसाईट **devasthan.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

DIPR/C/9160/2026 (आयुक्त, देवस्थान विभाग)